ग्रामीण विकास मंत्रालय
भारत सरकार

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं टेक होम राशन

**खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, भारत सरकार के पास कई योजनाएं हैं, जिनके अंतर्गत पात्रित आबादी कुछ अधिकारों का लाभ उठा सकती है।**

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS)

### (उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय)

- भारत सरकार द्वारा स्थापित प्रणाली है।
- पात्रित लाभार्थियों को स्थानीय राशन की दुकान के माध्यम से कम कीमत पर राशन वितरण करती है।




**दी जाने वाली खाद्य सामग्री-** अनाज (गेहूं, चावल), चीनी, मिट्टी का तेल, खाद्य तेल और आयोडीनयुक्त नमक आदि।

**पात्रता-** वार्षिक आय, प्राथमिकता वाले परिवारों, और परिवार के सदस्यों की संख्या के आधार पर विभिन्न राशन कार्ड जारी किये जातें हैं।

**राशन कार्ड बनवाने के लिए वार्ड सदस्य, सरपंच, पंचायत सचिव या अपनी पंचायत के मुखिया या एफ.एन.एच. डब्लू. सी. आर. पी. से संपर्क करें।**

## टेक होम राशन (THR)

### (महिला एवं बाल विकास मंत्रालय)

- समेकित बाल विकास सेवाओं (आईसीडीएस) के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरित किया जाता है।
- पात्रित परिवारों के बच्चों और महिलाओं का पोषण सुनिश्चित करता है।






**पात्रता-** गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं, 6 महीने से 3 साल तक के बच्चे और पहचान की गई किशोरियाँ।

आंगनबाडी केंद्रों पर 3- 6 साल के बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन प्रदान किया जाता है।

**प्रत्येक माह टीएचआर के वितरण के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों में एक दिन निर्धारित किया जाता है, जिसे ग्राम, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस कहा जाता है।**



**अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र की स्वयं सहायता समूह की दीदी से संपर्क करें।**